## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 27 को

**कटनी।** भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर 08 विधायें यथा लोकगीत, लोकनृत्य, एकल लोकनृत्य, एकल लोकगीत, कहानी लेखन, पोस्टर मेंकिंग, भाषण एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की जावेगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 27 दिसम्बर 2023 को इण्डोर हॉल माधवनगर में किया जावेगा। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि जिला एवं संभाग स्तर पर युवा उत्सव का आयोजन वर्चुअल किया जावेगा एवं संभाग स्तर पर चयनित दल को राज्य स्तर पर भौतिक रूप से अपनी प्रस्तुती देनी होगी।वर्चुअल आयोजन में प्रतिभागी अपने प्रदर्शन का भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार निर्धारित समय-सीमा का वीडियों बनाकर 26 दिसंबर 2023 शाम 05:00 बजे तक जिला कार्यालय में उपलब्ध करा सकते है। विधाओं हेतु निर्धारित समय-सीमा के तहत सामूहिक लोकनृत्य हेतु 15 मिनट,एकल लोकनृत्य 7 मिनट, सामूहिक लोकगीत 7 मिनट, एकल लोकगीत 7 मिनट, कहानी लेखन हेतु 60 मिनट, 6. पोस्टर मेंकिंग हेतु 90 मिनट, भाषण (चुने गए विषय पर) हेतु 3 मिनट, 8, फोटोग्रॉफी हेतु तथा 02 फोटो डिजिटल फोर्म में फोटो की थीम-1. प्रगतिशील भारत, आत्मनिर्भर भारत, योगा एवं स्पोर्टस, फिजिकल एक्टिविटी और फिटनेस, नेचर सीनरी में भाग लेने हेतु कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण विभाग में कार्यालयीन समय पर संपर्क किया जा सकता है।

### कम प्रगति पर जिला आपूर्ति अधिकारी को जारी की एस.सी.एन.



**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा विगत 20 दिसंबर को जिले के धान उपार्जन कार्य की वर्चुअली समीक्षा के दौरान उपार्जित धान का परिवहन कम होने तथा जारी किए गए स्वीकृति पत्रक का प्रतिशत होने के कारण किसानों के भुगतान की कार्यवाही लंबित रहने पर नाराजगी जाहिर कर जिला आपूर्ति अधिकारी बालेन्द्र शुक्ला को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिवस मे समक्ष मे उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस में धान का परिवहन कम होने और कृषकों का भुगतान लंबित होने के बाद भी जिला आपूर्ति अधिकारी श्री शुक्ला द्वारा यथोचित कार्यवाही एवं समीक्षा न करने को मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियमों के विपरीत एवं दण्डनीय होने का लेख किया जाकर समय-सीमा में स्पष्टीकरण प्रस्तुत न करने पर संबंधित के विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही प्रस्तावित करने हेतु निर्देशित किया है।

### रक्तदान के लिए घोषित की गई तारीख

**कटनी।** रक्तदान को लेकर कलेक्टर अवि प्रसाद के प्रयास अब सार्थक रूप लेने लगे हैं। कलेक्टर के प्रयासों का परिणाम है कि बैठक के तत्काल बाद ही कई संगठन जहां रक्तदान करने के लिए तारीखों की घोषणा करते हुए रक्तदान की प्रक्रिया संपन्न कराने के काम में जुट गए हैं। वहीं अब सेवा भारती कटनी के सदस्यों ने भी प्रति माह 50 यूनिट ब्लड डोनेट करने की घोषणा की है। इतना ही नहीं सेवा भारती के सदस्यों ने यह भी कहा कि 50 यूनिट तो वे हर महीने रक्तदान करेंगे, लेकिन जरूरत पड़ी तो फिर इससे भी अधिक रक्तदान करने के लिए वे कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। सेवा भारती कटनी के द्वारा अभी जनवरी का रक्तदान, 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती पर किया जाएगा। इसके उपरांत वे 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी जयंती पर ब्लड डोनेशन करेंगे। सेवा भारती के द्वारा प्रत्येक माह ब्लड डोनेट किया जाएगा।

### लिखित शिकायत के बाद बीएमओ ने कहा जांच कर की जाएगी कार्यवाही

# उप स्वास्थ्य केन्द्र में ताला, कर्मचारियों की मनमानी से वापस लौट रहे मरीज

*सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थ कर्मचारियों की मनमानी कार्यप्रणाली के चलते मरीजों को उपचार सुविधा मुहैया नहीं हो पा रही है। कहीं स्टाफ की कमी का रोना है तो कहीं कर्मचारियों की मनमानी चल रही है। जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के चलते स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थ अमले पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। ऐसा ही कुछ हाल बड़वारा तहसील अंतर्गत ग्राम झिझरी के उप स्वास्थ्य केन्द्र का है। यहां पदस्थ कर्मचारियों के मनमानी के चलते स्वास्थ्य केद्र में ताला लटका रहता है जिससे यहां इलाज करवाने आने वाले मरीजों को स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पाती।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

ग्रामीणों का कहना है कि झिंझरी उपस्वास्थ्य केंद्र में उपचार सुविधा रामभरोसे ही है क्यों यहां पदस्थ कर्मचारी पहुंचते ही नहीं जिससे गेट में ताला लटका रहता है और मरीजों को बैरंग ही वापस लौटना पड़ता है। उपस्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ स्टाफ के द्वारा अधिकतर केंद्र खोला ही नही जाता केंद्र में ताला जड़ा रहता है जिससे केंद्र में इलाज करवाने आने वाले महिला पुरुषों की न जांच हो पाती और न ही दवा मिल पाती है।

ग्राम के राजाराम पटेल ने उपस्वास्थ्य केंद्र झिंझरी में ताला लगे रहने व केंद्र में स्टाफ की मनमानी करने केंद्र न खोलने के सम्बन्ध में बड़वारा बीएमओ डॉ अनिल झामनानी को लिखित शिकायत देकर लापरवाह कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने की मांग की है जिससे उपस्वास्थ्य केंद्र झिंझरी इलाज करवाने आने वाले लोगों को दवाएं व स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से हासिल हो सकें।

बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ सुपरवाइजर व एमपीडब्ल्यू जिनको ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी देना है एवं निरीक्षण करने की जिम्मेदारी है वे भी अपनी ड्यूटी करने में उदासीनता बरतते हैं कभी कभार क्षेत्रों में जाकर रिकार्ड में अपनी ड्यूटी पूरी कर लेते हैं जबकि मैदानी अमले को प्रतिदिन क्षेत्र में जाकर अपनी सेवाएं देंना चाहिए किन्तु इनके द्वारा भी प्रतिदिन क्षेत्र का दौरा नही किया जाता जिससे स्वास्थ्य विभाग बड़वारा के मैदानी अमले की मनमानी कार्यशैली से स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रही हैं।

#### इनका कहना है

इस संबंध में बीएमओ डा. अनिल झामनानी का कहना है कि झिंझरी उपस्वास्थ्य केंद्र में अधिकतर ताला लगे रहने व केंद्र में कार्यरत स्टाफ के न रहने के विषय मे लिखित शिकायत प्राप्त हुई है जिसके परिप्रेक्ष्य में एएनएम पुष्पा पटेल झिंझरी, पूनम रॉय सीएचओ झिंझरी, राजेन्द्र पटेल एमपीडब्ल्यू झिंझरी को नोटिस जारी कर दो दिवस के अंदर जबाब तलब किया गया है सतोष जनक जबाब प्राप्त नही होने पर उपस्वास्थ्य केंद्र झिंझरी में पदस्थ कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।



## संकल्प यात्रा के दौरान पंचायतों में लगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

केंद्र शासन की योजनाओं का सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत रविवार को जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत निमास एवं बचौया तथा जनपद पंचायत ढ़ीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत पिंडरई में शिविरों का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण भी शामिल हुए।

शिविरों में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा एवं वृद्धावस्था पेंशन योजना तथा बैंकों से जुड़ी प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, अटल पेंशन योजना एवं अटल पेंशन योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारीप्रदान की जाकर पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कर लाभान्वित करने की कार्यवाही की गई।

शिविरों के दौरान स्थानीय नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इसके साथ ही यात्रा के साथ चल रहे प्रचार रथ से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सन्देश का प्रसारण किया गया। लोगों को भारत को विकसित बनाने का संकल्प भी दिलाया गया। केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी सुनाये।

*डाक्टरों की लापरवाही से मरीजों को ठंड में होना पड़ा परेशान*

## नसबंदी शिविर में कोताही बरतने वाले दो चिकित्सा अधिकारियों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने रीठी में नसबंदी ऑपरेशन के दौरान हितग्राहियों के लिए समुचित व्यवस्था नहीं किए जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए दो चिकित्सा अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। इनमें जिला चिकित्सालय में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ आर बी सिंह और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रीठी के चिकित्सा अधिकारी डॉ महेंद्र श्रीवास्तव शामिल हैं।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने डॉ आर बी सिंह को जारी कारण बताओं नोटिस में उल्लेखित किया है कि 20 दिसंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रीठी में आयोजित नसबंदी ऑपरेशन शिविर में ड्यूटी लगाये जाने के बाद भी डा.सिंह समय पर उपस्थित नहीं होकर अत्यंत विलंब से रीठी पहुंचे। जिसको कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए आरोपित किया है कि आपकी लापरवाही की वज़ह से कडकडाती ठंड में मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। डॉ सिंह इसके पहले भी बहोरीबंद और बड़वारा में आयोजित नसबंदी शिविरों में समय पर उपस्थित नहीं हुए थे।इन मामलों को कलेक्टर श्री प्रसाद ने लापरवाही मानते हुए तीन कार्य दिवसों के भीतर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के अभिमत के साथ जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

वहीं कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रीठी में 20 दिसंबर को आयोजित नसबंदी शिविर के दौरान कड़कड़ाती ठंड से बचने के लिए हितग्राहियों हेतु कोई समुचित व्यवस्था नहीं करने के मामले में चिकित्सा अधिकारी डॉ मेघेन्द श्रीवास्तव को भी नोटिस जारी किया है।कारण बताओ नोटिस में उल्लेखित किया गया है कि नसबंदी की हितग्राहियों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ा एवं वे कड़कड़ाती ठंड से बेहाल नजर आई। कलेक्टर ने कहा कि आपको ऑपरेशन शिविर के दौरान मुख्यालय में रहकर शिविर में आए हुए सभी हितग्राहियों की व्यवस्था करना था।किंतु आप मुख्यालय रीठी में नसबंदी में आए हितग्राहियों को छोड़कर वापस कटनी आ गए।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने दोनों चिकित्सा अधिकारियों के कृत्यों को पदीय कर्तव्यों के विपरीत और उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना और कार्य में लापरवाही मानते हुए जारी कारण बताओं नोटिस का जवाब तीन दिवस के अंदर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के अभिमत सहित प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। समयावधि के भीतर जवाब प्राप्त नहीं होने पर यह मानकर की आपको अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है एक पक्षीय कार्रवाई संधारित की जाएगी और अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु बाध्य होना पड़ेगा।

## नगर निगम अमले ने कार्यवाही कर बंद कराई दुकान



प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार खुले में मांस मछली के विक्रय पर प्रतिबंध लगाये जाने के आदेश पर नगर पालिक निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल के निर्देशन में स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी एवं निगम टीम ने रविवार को नगरीय क्षेत्र में भ्रमण कर खुले में मांस व मछलियों का विक्रय करने पर सख्त कार्यवाही की। रविवार को दिसम्बर को मिशन चौक में नगर निगम कर्मचारियों की संयुक्त टीम के द्वारा 05 दुकानदारों की खुली दुकान को बंद करने की कार्यवाही की गई।

## परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री 6 से कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों से करेंगे चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रति वर्ष की भांति सातवीं बार शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों से परीक्षा पे चर्चा करेंगे, जिससे कि छात्र-छात्राओं को उनकी सभी आकांक्षाओं और लक्ष्यों को पूरा करने में सक्षम बनाया जा सके। इस हेतु विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के लिए पृथक-पृथक बहुविकल्पीय प्रश्न आधारित चयन प्रतियोगिता के माध्यम से मध्यप्रदेश के 102 विद्यार्थियों, 10 शिक्षकों तथा 10 अभिभावकों को प्रधानमंत्री से चर्चा करने का अवसर मिलेगा।

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह द्वारा जिले में अधिकाधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों, प्राचार्यों एवं अभिभावकों की विषयांकित चयन प्रतियोगिता में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए बैनर स्कूल शिक्षा विभाग से संबंधित समस्त कार्यालयों एवं स्कूलों की वेबसाईट तथा मुख्य स्थानों पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह बैनर वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। इसके अलावा सीबीएसई एवं माध्यमिक शिक्षा मण्डल से संबद्ध समस्त शासकीय एवं अशासकीय शालाओं के संस्था प्रमुख व प्राचार्यों को जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर बैठकें लेकर अधिकतम संख्या में शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा अभिभावकों को प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु निर्देशित एवं प्रोत्साहित करने के लिए भी निर्देशित किया है।

समस्त हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी प्राचार्य तथा समस्त शिक्षक लिंक के माध्यम से अपने मोबाइल नंबर अथवा ई मेल आईडी के माध्यम से लॉगिन कर ओटीपी के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शिक्षक को निर्धारित लिंक पर जाकर 5 बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर क्लिक करने होंगे। विद्यार्थियों को भी प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। जिन विद्यार्थियों के पास इंटरनेट, ई-मेल आईडी या मोबाइल नंबर नहीं हैं, वे शिक्षक के माध्यम से भागीदारी विकल्प पर जाकर भाग ले सकते हैं।

*अलग अलग तिथियों में रक्तदान शिविर लगाने बनी सहमति*

## दद्दाधाम में शिविर का किया गया आयोजन, सौ यूनिट रक्तदान का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर द्वारा लोगों को रक्तदान हेतु प्रेरित करने के सकारात्मक परिणाम दिखने लगे हैं। रविवार को जिले में पहला रक्तदान शिविर दद्दा धाम में आयोजित किया गया। धनलक्ष्मी मर्चेंटडाइस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा दद्दा धाम में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए कंपनी के जीएम अभिषेक निगम ने बताया कि कलेक्टर श्री प्रसाद के आव्हान पर कंपनी ने विशाल रक्तदान शिविर का जो आयोजन किया है, उसमें 100 यूनिट रक्तदान कराए जाने का लक्ष्य रखा गया है। शिविर में रक्तदान के लिए आने वाले लोगों के लिए पौष्टिक आहार एवं पौष्टिक पेय पदार्थ के साथ-साथ भोजन की व्यवस्था भी रखी गई है। रक्तदान शिविर के उपरांत कंपनी के द्वारा रात्रि में सड़क पर रात गुजारने वाले गरीबों को कंबल वितरण भी किया जाएगा।

कंपनी के अभिषेक निगम ने अपनी बात रखते हुए जिले वासियों से अपील करते हुए कहा कि मानव जीवन को बचाने के महान उद्देश्य में अपनी भागीदारी निभाने के लिए सभी लोग आगे आए और रक्तदान के इस महा संकल्प को पूरा करने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

कलेक्टर के आव्हान के बाद धनलक्ष्मी मर्चेंटडाइस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के अलावा सिख समाज ने गुरूद्वारा में 26 दिसम्बर को, पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत ने 31 दिसंबर को रक्तदान शिविर आयोजित करने की सहमति प्रदान की है। वहीं ओजस्वी मार्बल्स ने 5 जनवरी को तथा बाबा माधवशाह हास्पिटल ने 15 जनवरी 2024 को रक्तदान शिविर लगाने की सहमति दी है। जल्दी ही कई और संस्थाओं ने भी अपने मैनेजमेंट से चर्चा कर तिथि और स्थान की जानकारी साझा करने की बात कही है।

### तीन दिवस में समक्ष में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने दिया निर्देश

## वेयरहाउसिंग एण्ड लॉजिटिक्स कॉरपोरेशन के जिला प्रबंधक को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा विगत 20 दिसंबर को आयोजित उपार्जन कार्य की वर्चुअली समीक्षा बैठक के दौरान जिले मे स्वीकृति पत्रक कम जारी होने के कारण गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्रों से हैण्डलिंग चालान की प्रति जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन में प्रस्तुत न करनें के कारण स्वीकृति पत्रक जारी न होने के कारण किसानों को उपार्जन राशि का भुगतान नहीं होना पाये जाने पर मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिटिक्स कार्पोरेशन के जिला प्रबंधक वाय.एस सेंगर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

जिला प्रबंधक से तलब किए गए स्पष्टीकरण में कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा है, कि खरीफ विपणन वर्ष 2023- 24 में धान उपार्जन कार्य हेतु प्रत्येक गोदाम पर नियुक्त गोदाम प्रभारी आपके प्रत्यक्ष नियंत्रण में होने के बाद भी कार्य में रूचि नहीं लेने से हैण्डलिंग चालान की प्रति जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन में प्रस्तुत नहीं किये जाने के कारण जिले में धान स्वीकृति की मात्रा के डब्लयू एच आर का प्रतिशत मात्र 18.73 फीसदी है जो अत्यंत कम है।

#### तीन दिन में उपस्थित होकर जवाब नहीं दिया तो कार्यवाही

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है, कि जिला प्रबंधक द्वारा शासन के निर्देशों के अनुरूप उपार्जन कार्य नहीं कराया जाकर अपने पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही बरती जा रही है। जो अवांछनीय और अनुशासनहीनता का द्योतक एवं म.प्र.सिविल सेवा नियमों के विपरीत एवं दण्डनीय है। इसलिए अपना स्पष्टीकरण तीन दिवस में समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें अन्यथा आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

## कलेक्टर ने सहायक आयुक्त सहकारिता को जारी किया कारण बताओ नोटिस

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा विगत 20 दिसंबर को धान उपार्जन कार्य की वर्चुअली समीक्षा के दौरान जिले में कम स्वीकृति पत्रक जारी होने के कारण गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्र प्रभारियों द्वारा हैण्डलिंग चालान की हस्ताक्षरित प्रति जिला प्रबंधक म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन में प्रस्तुत नहीं किए जाने से किसानों को उपार्जन की राशि का भुगतान लंबित पाये जाने पर सहायक आयुक्त सहकारिता राजयशवर्धन कुरील को कारण बताओ नाटिस जारी किया है।

कलेक्टर द्वारा जारी नोटिस में उपार्जित स्कंध के परिवहन की समीक्षा के दौरान धान की बगैर सिलाई की गई बोरियों को आर2टी किये जाने से परिवहन कार्य बाधित होने तथा किसानों द्वारा लाई गई धान को अपग्रेड करने एवं असामयिक वर्षा से उपार्जित धान को सुरक्षित करनें उपार्जन केंद्रों में पर्याप्त भौतिक संसाधन छन्ना, पंखा, तिरपाल, कवर आदि आधारभूत सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उत्तरदायित्व का सम्यक निर्वहन नहीं करने का लेख किया गया है। सहकारी समितियों पर प्रशासनिक नियंत्रण होने के पश्चात भी श्री कुरील द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं करने के कृत्य को अवांछनीय एवं अनुशासनहीनता का परिचायक तथा एवं नियमों के विपरीत एवं दण्डनीय माना जाकर जारी कारण बताओ नोटिस का तीन दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है। निर्धारित समयावधि में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करने पर एकपक्षीय कार्यवाही प्रस्तावित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए 11 फरवरी को होगी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित प्रदेश के विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं की प्रवेश परीक्षा के लिए 8 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। 11 फरवरी 2024 को सुबह 10 बजे होने वाली परीक्षा के लिए 29 जनवरी से प्रवेश पत्र डाउनलोड किए जा सकेंगे। मेरिट सूची में चयनित होने एवं न्यूनतम योग्यता पाने वाले विद्यार्थी अपने विकल्प के अनुसार विद्यालयों में रिक्त सीट के विरुद्ध प्रवेश के लिये पात्र होंगे। विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं।

पी.वी.टी.जी. व कोविड में माता-पिता को खो चुके विद्यार्थियों हेतु आरक्षण-इन विद्यालयों में प्रवेश हेतु विशिष्ट पिछड़ी जनजाति (बैगा, भारिया और सहरिया), विमुक्त जनजातियां और घुमक्कड़ एवं अर्धघुमक्कड़ समुदाय के विद्यार्थियों के लिये सीटें आरक्षित की गईं हैं। साथ ही वे बच्चे, जिन्होंने अपने माता-पिता को खो दिया है, उनके लिए भी सीटें आरक्षित रखी गई हैं। विधवा महिला की संतान, दिव्यांग माता-पिता की संतान, अनाथ या भूमिदाता वर्ग (जिन्होंने विद्यालय भवन के निर्माण के लिए भूमि दान की हो) के विद्यार्थियों के लिए भी सीटें आरक्षित की गईं हैं। विभाग द्वारा इन विशिष्ट आवासीय विद्यालयों का संचालन प्रदेश के जनजातीय बाहुल्य जिलों व विकासखंडों में विशेष रूप से किया जाता है। विभाग की मप्र स्पेशल एण्ड रेसीडेंशियल एकेडमिक सोसायटी (एमपीसरस) के अधीन ये संस्थान संचालित किये जाते है।

## खबर संक्षेप

### उमरियापान में संतोष क्रिकेट ट्राफी आज से

**उमरियापान।** उमरियापान स्थित अंधेलीबाग ग्राउंड में आज 25 दिसंबर से लैदरबाल संतोष क्रिकेट ट्राफी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर बडवारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, सांसद प्रतिनिधि पदमेश गौतम, सरपंच अटल ब्यौहार, मंडल अध्यक्ष गोविंद प्रताप सिंह सहित जनप्रतिनिधि अतिथि बतौर उपस्थित रहेंगे। स्पर्धा का पहला लीग उद्घाटन मैच आज व्हीसीए रीवा और जीसीए जबलपुर के बीच सुबह साढे 11 बजे से खेला जाएगा। आयोजक खेल विकास समिति ने खेलप्रेमियों से पहुंचने की अपील की है।

### मतदाता सूची में नाम जोड़ने के निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवि प्रसाद ने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़े जायें, इसके लिए 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए। ऐसे युवा जो 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे, वे मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के पात्र हैं। इसके अलावा छूटे हुए मतदाताओं का नाम भी सूची में जोड़े, जिससे कोई भी मतदाता, मतदान से वंचित न रह जाए।

### मासांत तक फसल का बीमा करा सकते है किसान

**कटनी।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान भाई जिले में ए.आई.सी. बीमा कंपनी के माध्यम से अपनी रबी फसलों का बीमा 31 दिसम्बर, 2023 तक करा सकते है। ऋणी कृषकों का संबंधित वित्तीय संस्था के माध्यम से फसल बीमा किया जायेगा। अऋणी कृषक संबंधित बैंक से या बीमा अभिकर्ता अथवा सी.एस.सी. सेंटर के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करवा सकते है। रबी फसलों का बीमा कराने के लिये भू-अधिकार पुस्तिका या बी-1, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की प्रमाणित प्रति तथा फसल बुआई प्रमाण पत्र के साथ विधिवत भरा हुआ प्रस्ताव पत्र अपने मोबाईल नम्बर के साथ प्रस्तुत करना होगा। ऋणी कृषक जो फसल बीमा योजना से बाहर होना चाहते है। उन्हें भी बीमांकन की अंतिम तिथि से 07 दिवस पूर्व 24 दिसम्बर तक अपने संबंधित बैंक में आवश्यक रूप से सूचित करना होगा। फसल बीमा कराये जाने पर प्राकृतिक आग (अकाशीय बिजली गिरना), बादल फटना, तूफान ओलावृष्टि, चक्रवात, बाढ, जलभराव, सूखा, कीट-व्याधियों इत्यादि से फसल नुकसान होने पर किसान भाई फसल बीमा का लाभ प्राप्त कर सकते है।

### बरही में तीन अतिरिक्त उपार्जन केन्द्र स्थापित

**कटनी।** राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2023- 24 में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी का कार्य एक दिसम्बर 2023 से 19 जनवरी 2024 तक पंजीकृत कृषकों से किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इन निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जिले में धान उपार्जन कार्य के लिए तहसील बरही अंतर्गत तीन अतिरिक्त उपार्जन केन्द्र का निर्धारण किया गया है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी आदेशानुसार बरही तहसील के अंतर्गत उपार्जन केन्द्र हदरहटा-1 में समिति स्तर पर राधा स्वसहायता समूह हेतु उपार्जन स्थल हदरहटा स्थापित कर नोड्ल अधिकारी गौरव विश्वकर्मा राजस्व निरीक्षक बरही को नियुक्त किया गया है। उपार्जन केन्द्र केन्द्र हदरहटा-2 में समिति स्तर पर शारदा स्वसहायता समूह हेतु उपार्जन स्थल हदरहटा स्थापित कर नोड्ल अधिकारी श्री राजेश कुमार तिवारी हल्का पटवारी हदरहटा को नियुक्त किया गया है। जबकि उपार्जन केन्द्र पिपरियाकला -2 में गोदाम स्तर पर रामजानकी स्वसहायता समूह द्वारा प्रतिष्ठा वेयर हाउस में उपार्जन का कार्य किया जायेगा इस हेतु नोडल अधिकारी श्री जानकी प्रसाद पटेल राजस्व निरीक्षक सिनगौड़ी को नियुक्त किया गया है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा शासन द्वारा जारी दिशा - निर्देश का पालन करते हुए उपार्जन की कार्यवाही करनें हेतु निर्देशित किया गया है।

बस्ती, बाजार, स्कूल, अस्पतालो के साथ ही घरों के आंगन तक में लगे मोबाइल टावर

# जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते नियमों को ताक पर रखकर टॉवरों का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नियमानुसार जहां पर प्रतिबंधित किया गया है नगर व आसपास के क्षेत्रों में उन्ही स्थानों में मोबाइल टावरो का संचालन बेरोकटोक तरीके से हो रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों की अनेदखी के चलते ही कंपनियों द्वारा मनमाने तरीके से कहीं भी मोबाइल टॉवरों को खड़ा कर दिया जाता है। पैसों और नौकरी मिल जाने के लालच में लोग भी मकान की छत से लेकर आंगन तक में टावर लगवा रहे है। हैरानी की बात तो यह है कि शासन की ओर जिन जिन क्षेत्रो को टावर के लिये प्रतिबंधित किया गया है ज्यादातर उन्ही चिन्हित जगहो पर टावर नजर आ रहे है।

गौरतलब है कि स्कूल और अस्पताल कैम्पस में मोबाइल टावर पर पाबंदी है। एक किलोमीटर के दायरे में दो टावर नही होने चाहिये। टावर रिहायशी क्षेत्रो से दूर हो। टावरो के बेस स्टेशन की साइटस पर हर हाल में वार्निग बोर्ड लगाये जाये। मोबाइल टावर लगाने की लंबी चौड़ी गाइडलाइन की ये कुछ लाइने है। हर मोबाइल कंपनी को टावर लगाने पहले इन निर्देशो का पालन सुनिष्चित किये जाने निर्देशित किया गया है लेकिन नगर में नियमों को धता बताकर सैकड़ो टावर संचालित है।

### एक्ट का हो रहा उल्लघंन

दरअसल इनवायरमेंट प्रोटेक्शन एक्ट 1996 के अन्तर्गत मोबाइल टावर लगाने के संबध में जारी की गई गाइडलाइन और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशो पर अमल किया जाये तो एक सैकड़ा में से बमुश्किल दर्जन भर टावर ही नियम के तहत पाये जायेगें। इतना सब होने के बावजूद खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ा रहे मोबाइल कंपनियो के टावरो पर कोई कार्यवाही नही की जा रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने मोबाइल टावर से निकलने वाले रेडिएशन की जांच करने और उसे नियंत्रित करने का निर्देश दिया गया है। सूचना प्रौघोगिकी मंत्रालय ने टावरो को लगाने के संबंध में गाइडलाइन जारी की थी। लेकिन शहर में कमाई की लालच पर लोग अपने घरो पर टावर लगवा रहे है। बावजूद इसके नियमो का उल्लघंन करने वालो पर कार्यवाही नही की जा रही है। जिम्मेदारो के लचर रवैये के चलते पहले से गलत जगह पर लगे टावरो के अलावा और तादाद बढ़ती जा रही है। जिसका जनसामान्य पर परोक्ष असर पड़ रहा है। सघन आवासीय क्षेत्र में जिसके मकान प्रतिष्ठान में टावर है खतरा उन्हे भी है लेकिन उन्हे तो फिर भी किराया मिल रहा है लेकिन एकदम पड़ोसी करीबियों को अनचाहे ही रेडिएशन झेलनी पड़ रही है। ऐसे अवैध टावरो पर प्रषासन द्वारा कार्यवाही तो दूर आज तक चिन्हित किये जाने तक की जहमतन नही उठाई जा रही।

कोर्ट और मंत्रालय की जो गाइडलाइन मोबाइल टावर लगाने के लिये है ठीक उसी गाइडलाइन के विपरीत टावर लगाये गये है। मसलन अस्पताल और आवासीय क्षेत्रो में टावर नही लगाया जाना है ठीक 90 फीसद टावर उन्ही प्रतिबंधित जगहो पर लगे है। जैसे एक किमी के दायरे में दूसरा टावर नही होना चाहिये जबकि जिस क्षेत्र में टावर है जो एक किमी के दायरे में ही एक साथ दर्जनों टावर है। बाकी क्षेत्र खाली पड़ा है। इस तरह नियम टावर की पाबंदियों के लिये लगाये गये है उसी पर अमल किया गया है।

# मारपीट में घायल युवक की मौत, दो आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कैमोर थानांतर्गत ग्राम हरैया में लगभग एक माह पूर्व दो पक्षों में विवाद के बाद मारपीट की घटना में एक युवक सर में चोट आने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद मारपीट का प्रकरण दर्ज करते हुए पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया था जहां पर कुछ दिनों के इलाज के बाद वह कोमा में चला गया।

बताया जाता है की उसकी गंभीर हालत को देखते हुए कैमोर पुलिस ने मारपीट के प्रकरण को हत्या के प्रयास का मामले में तब्दील किया था। आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ने में सफलता भी हासिल कर ली थी जबकि एक आरोपी अभी भी फरार बताया जा रहा है। अब युवक की मौत हो जाने के बाद पुलिस प्रकरण में हत्या का मामला दर्ज करते हुए और आरोपी की तलाश में जुट गई है।

बताया जाता है कि लगभग एक माह पूर्व एक पक्ष के प्रदीप पांडे, राहुल पांडे एवं रोहित पांडे ने 26 वर्षीय युवक के सिर में लाठी से प्रहार किया था जिसे गम्भीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसने विगत दिवस दम तोड दिया। मृतक का नाम आनंद पिता पत्तिलोधी उम्र 26 वर्ष बताया जा रहा है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गांव में दो पक्षों के लोगों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। लगभग एक माह पूर्व विवाद के बाद आनंद तथा दूसरे पक्ष के लोगों के बीच कहासुनी हुई जिसके बाद मारपीट शुरू हो गई। मारपीट में आनंद लोधी के सिर में गंभीर चोटें आई जिसके कारण उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। लगभग एक माह पूर्व हुई इस घटना के बाद आनंद की हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती ही चली गई। पुलिस में आनंद की बिगड़ती हालत को देखते हुए पहले मारपीट की धाराओं को हत्या के प्रयास के प्रकरण में तब्दील किया अब आनंद की मौत के बाद धाराएं बढ़ाते हुए हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक उक्त घटना में शामिल तीन आरोपियों में से प्रदीप पांडे और राहुल पांडे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जबकि रोहित पांडे अभी भी फरार है जिसकी सर गर्मी से तलाश की जा रही है।

गोलबाजार एवं झिंझरी में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# समाजसेवी महिलाओं की उपलब्धि पर प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत रविवार को गोल बाजार रामलीला मैदान में प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक प्रथम पाली का शिविर आयोजित किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में केसीएस शाला की छात्राओं द्वारा गीत एवं कु. वंशिका सेन द्वारा शासन की सभी योजनाओं से संबंधित गीत की शानदार प्रस्तुति दी गई साथ ही भोपाल से पधारे कलाकारों ने राजस्थानी कठपुतली नृत्य के माध्यम से समाज में योजनाओं का संदेश दिया तथा योजनाओं से संबंधित जानकारियों से अवगत कराया गया। मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम के अंतर्गत पीएम स्वनिधि प्रधानमंत्री आवास योजना पीएम मातृ बंदना योजना स्वच्छ भारत के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण निर्माण योजना के लाभान्वित हितग्राहियों द्वारा प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया गया एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए सफाई मित्र फायर मेन स्थानीय कलाकार खिलाडी समाज सेवी महिलाओं द्वारा विशेष उपलब्धि, हितग्राहियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरी पाली में दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक पुरानी पुलिस चौकी झिंझरी के पास शिविर का आयोजन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में भाजपा जिला संयोजक सुनील उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गरीबों के हित में विभिन्न प्रकार की योजनाओं का संचालन किया हैं इन योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंच रहा हैं या नहीं इसके लिये शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीतांजलि कला परिषद की छात्राओं द्वारा श्री कृष्ण स्तुति की प्रस्तुति एवं कन्या महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा लोक गीत का गायन छात्रा वंदना सिंह द्वारा शानदार लोक गीत आज मिथिला नगरिया निहाल सखियां भजन की प्रस्तुति दी गई व ए रविन्द्रराव स्कूल के दीपक विश्वकर्मा द्वारा देश भक्ति गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। साथ ही भोपाल से पधारे कलाकारों ने राजस्थानी कठपुतली नृत्य से योजनाओं का संदेश दिया।

## डीईओ ने स्कूलों का किया औचक निरीक्षण



मिशन आधार - 45 एवं मिशन फाईनल -30 को दृष्टिगत रखते जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलहरी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मिशन आधार की बुकलेट कक्षा 10वीं के डी एवं ई ग्रेड के छात्रों को विद्यालय से प्रिंट कराकर वितरण कराया गया। मिशन आधार - 45 एवं फाईनल -30 का संचालन विधिवत एवं बहुत अच्छे तरीके से विद्यालय में कराया जा रहा है। विद्यार्थियों की मूल नोटबुकों का भी निरीक्षण किया गया जिसमें पाया कि छात्र प्रतिदिवस आने वाले प्रश्नों को हल कर रहे हैं। डीईओ श्री सिंह द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाँधां का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया जिसमें मिशन 46 एवं फाईनल 30 का संचालन बहुत अच्छे तरीके से विद्यालय में किया जाना पाया गया। विद्यार्थियों की मूल नोटबुकों का निरीक्षण के दौरान छात्रों द्वारा प्रतिदिवस आने वाले प्रश्नों को हल किया जाना पाना गया। शासकीय हाई स्कूल घुड़हरी के निरीक्षण के दौरान छात्र उपस्थिति औसत से कम पायी गई उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिये गये तथा अध्यापन कार्य विधिवत सुचारू रूप से कराने हेतु निर्देशित किया गया।

फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम

# 8 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रेषित फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्री-रिवीजन कार्यवाही एवं पुनरीक्षण कार्यक्रम अनुसार 1 जनवरी 2024 की अर्हता तिथि अनुसार पंजीयन से शेष वंचित मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिये पुनरीक्षण संबंधी निर्देश दिए गए हैं। आयोग के निर्देशानुसार 5 जनवरी 2024 तक प्री-रिवीजन गतिविधियों के तहत मतदान केन्द्रों की पुनः व्यवस्था एवं अनुभागों का गठन, मतदाता सूची, ईपीआईसी में विसंगतियों को दूर करने की कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान जहां भी आवश्यक हो, रोल में धुंधली, खराब गुणवत्ता वाली और विशिष्टताओं के अनुरूप नहीं तथा रोल में गैर-मानवीय छवियों को प्रतिस्थापित करके, अच्छी गुणवत्ता वाली तस्वीरों को सुनिश्चित करते हुए छवि गुणवत्ता में सुधार किया जायेगा। अनुभागों, भागों का पुनर्गठन और मतदान केंद्रों के अनुभाग, भाग सीमा स्थान के प्रस्तावित पुनर्गठन को अंतिम रूप देना और मतदान केंद्रों की सूची का अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा। अंतरालों की पहचान करना और ऐसे अंतरालों को पाटने के लिए रणनीति और समय-सीमा को अंतिम रूप देना और नियंत्रण तालिका का अद्यतनीकरण एवं प्रारूप 1 से 8 की तैयारी के साथ ही अर्हता तिथि के रूप में 1 जनवरी 2024 के संदर्भ में पूरक और एकीकृत ड्राफ्ट रोल तैयार करने की कार्यवाही की जायेगी।

रिवीजन गतिविधियों के अंतर्गत शनिवार 6 जनवरी को एकीकृत निर्वाचन प्रारूप नामावली का प्रकाशन किया जायेगा तथा 6 जनवरी से 22 जनवरी तक दावा एवं आपत्ति भरने की तिथि निर्धारित की गई है। 2 फरवरी को दावे एवं आपत्तियों को निराकरण करने की कार्यवाही की जायेगी। 6 फरवरी 2024 को निर्धारित मापदंडों की जांच करना और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करने की कार्यवाही के साथ ही डेटाबेस को अद्यतन करना और पूरकों की छपाई का कार्य किया जायेगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी को किया जायेगा।

आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी के मान से निर्धारित फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में सभी आवश्यक कार्यवाहियां निर्धारित समय-सीमा पर पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

प्रत्येक स्तर पर सुशासन स्थापित करना ही उद्देश्य

# शासकीय महाविद्यालय बरही में मनाया गया सुशासन दिवस, दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में सुशासन दिवस या गुड गवर्नेंस डे मनाया गया। कार्यक्रम के पहले चरण में डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि भारत सरकार द्वारा 2014 में 25 दिसंबर को भारत रत्न एवं देश के पूर्व प्रधानमन्त्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाने की घोषणा के बाद प्रतिवर्ष सुशासन दिवस मनाया जाता है,। जिसका उद्देश्य सरकार द्वारा विभिन्न स्तरों पर पारदर्शिता, समाज के सभी वर्गों को देश की मुख्यधारा से जोड़ना एवं सरकार द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं को समाज के सभी वर्गों तक मूल रूप से पहुँचाना है। वास्तव में सुशासन दिवस का आयोजन हर स्तर पर सुशासन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जाता है जिससे समाज के सभी वर्गों को समान लाभ मिल सके।

प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी ने बताया कि भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी अपने राजनैतिक एवं व्यक्तिगत जीवन में सुशासन को अत्यंत महत्व देते थे, सुशासन के माध्यम से समाज के सभी वर्गों तक सामाजिक न्याय एवं कल्याण सुनिश्चित करने के साथ देश के नागरिको को सुशासन के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न सरकारी विभागों, स्कूल-कॉलेजो एवं अन्य संस्थाओ द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है ।प्रत्येक स्तर पर सुशासन को स्थापित करना ही सरकार द्वारा सुशासन दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य है ।

अंत में प्राचार्य ने शपथ दिलाकर सभी से देश की बेहतरी के लिए अपना कार्य ईमानदारी से करनें की अपील की, कार्यक्रम में रा. से. यो. कार्यक्रम अधिकारी 2 व 3 सुश्री प्रियंका तोमर, डॉ रश्मि त्रिपाठी, डॉ. आर. जी. सिंह, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. के. के. निगम, मनीष मिश्रा, डॉ मंजुलता साहू, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, डॉ शिवानी बर्मन, डॉ पुष्पेंद्र तिवारी, डॉ रूपा शर्मा, ऋषभ त्रिपाठी, पवन दुबे, दीपक मिश्रा, श्रीमती अनीता सिंह, कृष्णपाल सिंह, अनुराग सोनी, सौरभ सिंह, कैश अंसारी, रावेंद्र साकेत, संतोषी तिवारी, सोनम पाण्डे आदि की उपस्थिति रही।

जागरूकता बैठक में स्वयंसेवी संगठनों, धार्मिक संस्थानों, समाजसेवियों ने की सहभागिता

# कलेक्टर की पहल पर मानवता की सेवा के लिए उठे हजारों हाथ, रक्तदान महादान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रक्तमान के माध्यम से पीडित मानवता की सेवा हेतु लोगों को जागरूक कर अधिक लोगों द्वारा रक्तदान करने के कलेक्टर अवि प्रसाद के रक्तदान महादान प्रकल्प की कटनी के संगठनों, राजनैतिक दलों, स्वयंसेवी संगठनों, मीडिया कर्मियों ने सराहना करते हुए जरूरमंदों की जिंदगी बचाने के इस नेक अभियान में आगे बढ़कर हांथ बंटाने सामूहिक भागीदारी का संकल्प व्यक्त करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए

कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में जिले के ब्लड बैंक मे रक्त की पर्याप्त उपलब्धता के मद्देनजर शनिवार को जनप्रतिनिधियों, डाक्टर्स, सी.ए., उद्योगपति, समाजसेवियों, स्वैच्छिक संगठनों, ब्लड डोनर्स संस्थाओं के प्रतिनिधियों, महाविद्यालयों के प्राचार्य, एवं मीडिया कर्मियों की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा एवं सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा की मौजूदगी रही।

बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर अवि प्रसाद ने कहा कि रकतदाताओं की उपलब्धता,स्वेच्छा और पात्रता पर निर्भर है। कलेक्टर ने कहा कि 15 लाख की आबादी वाला हमारा जिला मात्र एक ब्लड बैंक पर ही निर्भर है। जिला अस्पताल में डिलेवारी एवं सामान्य उपचार को दृष्टिगत रखते हुए ब्लड बैंक में पर्याप्त ब्लड उपलब्ध नहीं है। जिले के ब्लड बैंक मे रक्त की पर्याप्त उपलब्धता हेतु हमें बडे पैमाने पर रक्तदान के प्रति लोगों की मानसिकता को बदलनें का कार्य करना होगा।

### डिस्प्ले बोर्ड पर होगा रक्त की उपलब्धता का प्रदर्शन

बैठक के दौरान कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जिला चिकित्सालय मे उपलब्ध ब्लड की ग्रुपवार जानकारी का विवरण नगर के सुगम स्थल में करानें जानकारी दी इस पर उपस्थित समस्त जनों द्वारा उक्त प्रस्ताव का करतल ध्वनि से स्वागत किया गया।



इसके पूर्व सिविलि सर्जन डॉ यशवंत वर्मा ने बताया कि जिले के ब्लड बैंक मे रक्त की उपलब्धता शिविर के माध्यम से एवं डोनर पर ही निर्भर है। डॉ यशवंत वर्मा ने बताया कि माह अप्रेल 2023 से नवंबर 2023 तक 6 हजार 957 यूनिट बल्ड, ब्लड बैंक को प्राप्त हुआ है। जिला चिकित्सालय में औसतन 870 यूनिट रक्तदान प्रतिमाह किये जा रहे है। जिसमें 303 एक्सचेंज के आधार पर एवं 567 यूनिट ब्लड स्वयं सेवकों से दान के माध्यम से प्राप्त होता है।

जिला चिकित्सालय में प्रतिमाह 860 यूनिट ब्लड जारी किये जाते है जिनमे से 460 ईकाई जिला चिकित्सालय में 400 ईकाई निजी क्षेत्र मे जारी होते है। 150 यूनिट ब्लड गर्भवती महिलाओ व 55 रोगी थैलेसीमिया ओदि के होते है। लगभग 135 में 150 रोगियों को रक्त बिना एक्चेंज के दिया जाता है। वर्तमान वर्ष में माह अप्रेल से अब तक 23 शिविरों के माध्यम से 1088 यूनिट रक्त प्राप्त हुआ है।

कलेक्टर ने कहा कि रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए धर्मगुरूओं के माध्यम से अपील जारी कराई जा सकती है। इसके लिए सभी धर्म व सम्प्रदाय के धर्मगुरू यह अपील कर सकते है कि मानवता की सेवा से बडा कोई धर्म नहीं। इससे भी रक्तदान के प्रति लोगों का नजरिया बदलेगा और रक्तदान करने लोग आगे आएगें।

### रक्तदान शिविर

किसी भी संगठन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में जिला चिकित्सालय को 50 यूनिट से अधिक रक्त संग्रहण की सूचना देने पर अस्पताल प्रबंधन द्वारा लॉजिस्टिक सपोर्ट प्रदानन किया जायेगा। जिला चिकित्सालय की वैन पहुचकर ब्लड एकत्रित कर ब्लड बैंक तक ले आयेगी।

### सम्मानित होंगे रक्तदाता

कलेक्टर ने कहा कि रक्तदाताओं को सम्मानित करने समारोहपूर्वक नियमित मासिक कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें रक्तदाता को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। बैठक में ब्लड एवं प्लाज्मा को अलग-अलग करनें की मशीन चालू कराने, आवश्यकता न होने पर दवाईयों के माध्यम से ब्लड बढानें के प्रयास करने, शासकीय कार्यालयों में रक्तदान शिविर आयोजित करनें सहित जिला चिकित्सालय एवं रेडक्रांस के माध्यम से जागरूकता शिविर आयोजित करने का सुझाव दिया गया। इसके साथ ही हरे माधव परमार्थ समिति, निरंकारी मिशन एवं माधवनगर युवा समिति को रक्तदान शिविर आयोजित करनें हेतु प्रेरित करने का सुझाव दिया गया। माधव जी के सदगुरू पर्व के अवसर पर आगामी 14 एवं 15 जनवरी को वृहद रक्तदान शिविर आयोजित करनें सहित उपस्थित जनों द्वारा कई महत्पूर्ण सुझाव दिए।

### इनकी रही मौजूदगी

बैठक के दौरान दीपक टंडन सोनी, सी0ए. शशांक श्रीवास्तव, सी.ए. सुशील शर्मा, प्रोफेसर चित्रा शर्मा, डॉ अशोक चौदहा, डॉ शर्मा, डॉ सुनीता वर्मा, डॉ शैलेष कनकने, उद्योगपति पवन मित्तल, सुधीर मिश्रा, रणवीर कर्ण, रवि खरे मिठ्ठूलाल जैन, राजा जगवानी, राकेश जैन कक्का, अमित शुक्ला, अंकिता तिवारी, महेश होतवानी, सत्यनारायण अग्रहरी, मोनी लालवानी, सुमित अग्रवाल, रौनक खंडलवाल, युवा जन समिति एवं महाकाल सेवा समिति तथा ब्लड डोनर सोसायटी के पदाधिकारी सहित काफी संख्या में गणमान्य नागरिकों समाजेवियों उद्योगपतियों डाक्टर्स एवं अन्य जनों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### केन्द्रीय विद्यालय में मनाया गया वीर बाल दिवस



**पन्ना।** भारत सरकार के द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार प्रत्येक वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिवस के अन्तर्गत 21 दिसंबर से 26 दिसंबर तक पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना में भी विभिन्न कार्यक्रमों में विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रार्थना सभा में बताया गया कि प्रधानमंत्री ने 9 जनवरी 2022 को श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के दिन घोषणा किया कि 26 दिसंबर को श्री गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत की स्मृति में वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। विद्यार्थियों को बताया गया कि साहिबजादे जोरावर सिंह (उम्र-9 वर्ष) और फतेह सिंह (उम्र-7 वर्ष) सिख धर्म के सबसे सम्मानित शहीदों में से हैं ।औरंगजेब के आदेश पर 1704 ई में मुगल सैनिकों द्वारा आनंदपुर साहब को घेर लिया गया और दोनों को पकड़ लिया गया। इन दोनों शहीदों ने धर्म के महान सिद्धांतों से विचलित होने के बजाय मृत्यु को प्राथमिकता दी। इस वीर बाल दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा निबंध ,पोस्टर, वाद-विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय के प्राचार्य श्री अमित दाहिया ने इन दोनों वीरों पर आधारित फिल्म चारसाहिबजादे देखने और इनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

### पवई में नेकी की दीवार का हुआ शुभारंभ



**पवई।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नेकी की दीवार का शुभारंभ बसस्टेंड प्रांगण में थाना प्रभारी सुधीर बेगी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ,नेकी की दीवार में जरूरत मंद लोगों को कपड़े उपलब्ध कराए गए तथा सभी लोगों से आग्रह किया गया की जो कपड़े या अन्य साम्रगी लोगों के पास जरूरत से अधिक है और वह जरूरत मंद लोगों को देना चाहते हैं तो बह सामग्री नेकी की दीवार में जरूरत मंद लोगों के लिए रख दें और अपनी जरूरत के सामान उठा ले तथा अन्य लोगों को प्रेरित करें। थाना प्रभारी ने अपने कहा कि यह बहुत ही नेक काम है पूरा पुलिस परिवार इस प्रकार के काम करने के लिए आप सभी का धन्यवाद देता है, तथा जो भी सहयोग नेकी की दीवार के लिए होगा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में थाना प्रभारी सुधीर बेगी, ज्योति दुवे एस आई, डी.के. अहिरवार नायब तहसीलदार, सतानंद पाठक शिक्षक, हरिकेश बढोलिया, राजेश पाठक अध्यक्ष नवांकुर संस्था जनअभियान परिषद, सुनील तिवारी, पंकज बहरे, महेश खंगार, अभिषेक नामदेव, विनोद मिश्रा, सत्यम पाठक, प्रदीप बालमीक, रंजीत रैकवार, छगंगे कुशवाहा सहित अन्य लोग मौजूद रहे है जन समुदाय उपस्थित रहा।

### सोनू जैन को मातृ शोक

**अमानगंज** नगर के युवा कपड़ा व्यापारी सोनू जैन की माताजी श्रीमती सुमन जैन पति राजेंद्र जैन कि आज लंबी बीमारी के बाद मौत हो गई उनकी उम्र तकरीबन 65 वर्ष बताई गई है जैसे ही यह खबर उनके समाज परिजनों नाते रिश्तेदारों में पहुंची तो सभी में शोक लहर दौड़ गई हिंदू धर्म के अनुसार आज स्थानीय मिडासन नदी के पावन तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया जहां उन्हें मुखाग्नि उनके पति राजेंद्र द्वारा दी गई आपकी मृत्यु पर स्थानीय समाज के सभी नागरिकों एवं शुभचिंतकों ने गहन शोक संवेदना व्यक्त करते हुए आपकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से कामना करते हुए यह बड़ा दुख सहन करने की क्षमता परिजनों को देने की कामना ईश्वर से की



### बिसनाखेड़ी गांव में 15 दिनों बाद रखा ट्रांसफार्मर दस दिन में जला

# हर दस दिन में जल रहे ट्रांसफार्मर अंधेरे में रहने को मजबूर ग्रामीण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

ग्रामीण क्षेत्रों में बार-बार ट्रांसफार्मर जलने की समस्या से ग्रामीणों को निजात मिलती नहीं दिख रही है। पहले ट्रांसफार्मर में आई खराबी के चलते जहां नए ट्रांसफार्मर रखवाने के लिए ग्रामीणों को एक पखवाड़े का तक विद्युत वितरण केंद्र कार्यालय का चक्कर काटना पड़ता है। और तब कहीं जाकर मुश्किल से नया ट्रांसफार्मर रखा जाता है। लेकिन नया ट्रांसफार्मर एक सप्ताह नहीं चल पाता है और दोबारा से ट्रांसफार्मर फुंकने ग्रामीणों को अंधेरे में रहने मजबूर होना पड़ता है दरअसल मामला है। नोहटा विद्युत वितरण केंद्र के विशानाखेड़ा ग्राम का जहां सैर मुहल्ला में रखा ट्रांसफार्मर खराब 15 दिन बाद रखा गया लेकिन यह नया ट्रांसफार्मर 10 दिसंबर को रखा गया और विद्युत सप्लाई चालू की गई लेकिन 10 दिन बाद 21 दिसंबर को नया ट्रांसफार्मर एक बार फिर फुंकने से ग्रामीणों को अंधेरे में रहने को मजबूर है। संबंधित विभागीय अधिकारियों को ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी देने के लिए विद्युत वितरण केंद्र के अधिकारियों को ग्रामीणों के द्वारा बार-बार फोन लगाने के बाद भी फोन रिसीव नहीं किया गया। और जब ग्रामीण विद्युत वितरण केंद्र कार्यालय ट्रांसफार्मर सुधार कार्य की गुहार लगाने के लिए पहुंचे तो विद्युत वितरण केंद्र कार्यालय में अधिकारी नहीं मिले बार-बार संबंधित विभागीय अधिकारियों के पास ट्रांसफार्मर सुधार कार्य के लिए ग्रामीणों को चक्कर काटना पड़ रहे हैं। बावजूद इसके अधिकारी हैं कि ग्रामीणों की परेशानी सुनने को तैयार नहीं है। और ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर हैं बिन बिजली के जहां ग्रामीणों को अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं अंधेरे में रातें गुजरने पड़ रही हैं। बार-बार ट्रांसफार्मर खराब हो जाने की समस्या से उपभोक्ता परेशान है। ग्रामीण प्रभु वीरेंद्र उजियार ने बताया बार-बार ट्रांसफार्मर खराब होने की समस्या से ग्रामवासी परेशान हैं। पहले तो तय समय मैं ट्रांसफार्मर सुधार कार्य नहीं किया जाता है और फिर एक पखवाड़े बाद ट्रांसफार्मर सुधार करके रखा जाता है जो 10 दिन तक नहीं चल पाता है और फिर धू धू करके जल जाता जिससे ग्रामीण बहुत परेशान है विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से ग्रामीणों ने मांग की है। ग्राम में नया ट्रांसफार्मर अति शीघ्र रखा जाए ताकि यह नया ट्रांसफार्मर से विद्युत सप्लाई सुचारू रूप से विद्युत उपभोक्ताओं को मिल सके खराब ट्रांसफार्मर में थोड़ी बहुत सुधार कार्य करके नया ट्रांसफार्मर के नाम पर रखा जाता है जो की 10 दिन तक नहीं चल पाता है और बार-बार ट्रांसफार्मर खराब होने की समस्या से ग्रामीण हलकान है। विद्युत वितरण केंद्र जेई प्रभात दुबे का कहना है ग्राम से खराब ट्रांसफार्मर उतरवा कर नया ट्रांसफार्मर रखवाने का अति शीघ्र व्यवस्था करवाते हैं।

## शिक्षकों ने बच्चों को बांटी गर्म स्वेटर



**तेंदूखेड़ा।** जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा अंतर्गत आने वाले प्राथमिक शाला बैरागढ़ में दर्ज 66 बच्चों को बीआरसी महोदय की उपस्थिति में शाला में पदस्थ शिक्षकों द्वारा गर्म स्वेटर का वितरण किया। बीआरसी पीएल अहिरवार सर ने बताया कि शिक्षकों द्वारा कड़ाके की ठंड में स्वेटर वितरित कर सराहनीय कार्य किया गया है। पालकों से अपील की गई कि अपने बच्चों को नियमित शाला भेजें। इस अवसर पर बीआरसी पीएल अहिरवार, बीएसी सीएल सेन, जनशिक्षक प्रहलाद सिंह लोधी एमटी मुकेश मेहरा, 8शाला प्रभारी भागीरथ प्रसाद पाटकार, सरिता दाहिया, श्रीमती नमिता सोनी एसएमसी अध्यक्ष हीरा सिंह लोधी की उपस्थिति रही।

## शॉर्टफिल्म माया की शूटिंग संपन्न

**दमोह।** जिले के ए.के. फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस द्वारा अंधविश्वास जैसी कुरीतियों को समाप्त करने एवं लोगों को जागृत करने के उद्देश्य को लेकर बनाई गई हिंदी और बुंदेली भाषा में निर्मित की गई शॉर्टफिल्म (माया) का शीघ्र प्रसारण दर्शकों के बीच होगा।फिल्म में दमोह जिले के युवा एवं उत्साही ऊर्जावान कलाकारों ने अपना अभिनय प्रस्तुत कर फिल्म को पूर्ण किया है। फिल्म का उद्देश्य न केवल लोगों को जागरूक करना बल्कि सामाजिक कुरीतियों को पूर्णतः समाप्त करने का भरसक प्रयास युवा कलाकारों ने किया है। कलाकारों के अभिनय को देखकर आप सब स्वयं चौंक जाएंगे। जिस तरह के सीमित संसाधनों में कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया है वह काबिले तारीफ़ है। शॉर्टफिल्म के निर्माण संबंधी दिशा निर्देश और मार्गदर्शन में समाजसेवी पंडित दिनेश प्यासी,मुंबई सिने सिटी से फिल्म अभिनेता कमलेश खरे एवं अभितेंद्र रामसहाय अमित राय की महत्वपूर्ण भूमिका है।फिल्म की शॉर्ट स्टोरी कुछ इस प्रकार है कि फिल्म में ग्रामीण जन जीवन,सामंतवादी परिवारों का दबाव,आम जन मानस पर किस तरह उनकी विचारधारा हावी हो जाती है और वे लोग इस प्रथा को बचाने के लिए किस हद तक प्रयास करते हैं,इस विषय को उकेरा गया है। फिल्म की कहानी पूरी तरह से काल्पनिक है जो किसी गांव या व्यक्ति विशेष से मेल नहीं खाती है। फिल्म का निर्माण दमोह जिले के आसपास के क्षेत्रों में फिल्माया गया है। इस फिल्म में निर्माता निर्देशक की भूमिका में आशीष तंतुवाय कबीर के द्वारा तो वहीं फिल्म में विभिन्न कलाकारों में प्रताप सिंह चौहान,रितिका खरे,प्रिंस चौहान,अनिल उमरे,राजा प्रजापति,राज सेन,महेंद्र सेन, शशिकांत अहिरवार, उमर खैयाम, गजेंद्र वर्मन, गौरी चौहान, अन्ननया, लक्ष्मी विश्वकर्मा, प्रियंका चौहान, जोसेफ मलिक, तरुण राज, जाफिर खान, राहुल तिवारी, शैलेंद्र अहिरवार, राजदीप सिंह लोधी, रजत ठाकुर, शिवकांत प्यासी, प्रदीप अहिरवार का अभिनय इस शॉर्टफिल्म में देखने मिलेगा। साथ ही युवा सिनेमेटोग्राफर राहुल तिवारी और सनी परोचे ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। फिल्म का सम्पूर्ण प्रसारण शीघ्र ही ए.के. फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस दमोह के यूट्यूब चौनल और सार्वजनिक पटल पर किया जाएगा।

## सुशासन दिवस के रूप में मनाया जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

स्वर्गीय राघवेंद्र सिंह हजारी शासकीय महाविद्यालय हटा में भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई का जन्मदिन सुशासन दिवस के रूप में मनाया। जिसमें स्टॉफ व विद्यार्थियों द्वारा शपथ ली गई। कि मैं सत्य निष्ठा से शपथ लेता हूं कि प्रदेश में सुशासन को उच्च मापदंडों को स्थापित करने के लिए सदैव संकल्पित रहूंगा और शासन को अधिक पारदर्शी सहभागी जल कल्याण केंद्रीय जवाबदेही बनाने के लिए हर समय प्रयास करता रहूंगा। प्रदेश स्तर की नागरिकों की जीवन में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। इसके उपरांत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर बैचलर ऑफ़ सोशल वर्कर एवं मास्टर ऑफ सोशल वर्कर के छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने विचार रखें वही कार्यक्रम में परामर्शदाता छात्र नेता प्रिंसदीप खटीक ने अटल जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेई एक महान कवि, लेखक, एक राजनेता भी थे, जीवन भर अविवाहित रहे और अपना जीवन देश सेवा के लिए समर्पित किया। प्रधानमंत्री काल में कई बड़े-बड़े फैसले भी लिए उनके जीवन संघर्ष को भारत का हर नागरिक याद रखेगा। ऐसे भारत के महान राजनेता को जन्मदिन की बहुत बहुत बधाई दी गई। अवसर पर ब्लॉक समन्वयक पुष्पा सिंह, गजेंद्र साहू, सुनील सेन, नरेंद्र सिंह राजपूत , शिवानी लखेरा नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार पांडे सहित बीएस डब्ल्यू तथा एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं की मौजूदगी रही।

## श्रमदान कर समाजसेवी मुक्तिधाम को सुंदर बनाने में जुटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर के गौरीशंकर मंदिर के समीप मुक्तिधाम में लगातार विगत वर्षों से रविवार को प्रातः कालीन बेला में नगर की समाजसेवी अपनी दिनचर्या से समय निकालकर मुक्तिधाम में श्रमदान कर इस सुंदर सुसज्जित बनाने का काम कर दिया रहे हैं इसी श्रृंखला में रविवार को समाजसेवियों द्वारा कोहरे से भरी कड़ाके की ठंड में एकत्रित होकर साफ सफाई पेड़ पौधे को आवश्यकता अनुसार पौधों में मिट्टी पानी एवं उनके आसपास की खरपतवार हटाने का कार्य किया गया वहीं साफ सफाई करते हुए कचरे को जलाकर खाद तैयार करने गड़डे बनाए गए। इस दौरान समाजसेवियों ने मुक्तिधाम में नियुक्त कर्मचारी पर आरोप लगाते हुए बताया कि कर्मचारी अपनी ड्यूटी ईमानदारी के साथ नहीं करता है जिससे यहां पर चोरी की घटनाएं घटित हो रही है और साफ सफाई भी व्यवस्थित नहीं रह पाती। जिससे समाजसेवियों ने नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी से आग्रह किया है कि एक बार मुक्तिधाम जाकर निरीक्षण कर मुक्तिधाम का माहौल देखकर कोई अच्छा अन्य कर्मचारी नियुक्त किया जाए ताकि मुक्तिधाम की देखरेख अच्छे से हो सके और मुक्तिधाम स्वच्छ सुंदर बना रहे। श्रमदान करने वालों में राजाराम गोस्वामी,अशोक चम्पी चौरसिया राजाबाबू विश्वकर्मा, शिक्षक इमरत तंतुवाय, नारायण तंतुवाय, सुशील सेलट, एमएल अहिरवार, पप्पू रैकवार, सुरेन्द्र तंतुवाय, सूरज रैकवार, पीएस रैकवार की उपस्थिति रही।



### जिले की जनता को उम्मीदें तीन विधायकों में से

# किसी न किसी को मंत्री मण्डल में लिये जाने को लेकर उम्मीदें

### जिले की तीनों विधानसभा सीटों में भाजपा पर जनता ने जताया भरोसा

पन्ना।







मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री मंडल की गठन को लेकर जहां आम जनचर्चा व्याप्त है पन्ना जिले की तीनों विधानसभाओं में भाजपा पर आम जनता ने भरोसा जताया। तीनों सीटों में भाजपा का परचम लहराया है। वहीं पिछली सरकार में खनिज मंत्री के रूप में कैबिनेट मंत्री का दर्जा पन्ना से विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह को दिया गया था। जिसका परिणाम जिले में विकास की कई सौगातों को लेकर जाना गया। वहीं वर्तमान समय में तीनों विधायक भाजपा के जीत कर पार्टी में कहीं न कहीं सफलता को लेकर प्रदेश में जाने जा रहे है। वहीं जिले की जनता को भाजपा के नारे का सबका साथ सबका विकास को लेकर जिले से किसी न किसी विधायक को मंत्री मण्डल में जगह को लेकर बड़ी उम्मीदें बनी हुई है। क्योंकि पन्ना जिले का विकास मंत्री मण्डल में किसी न किसी विधायक से होने से निरंतर प्रगति को लेकर दिशा तय करेगा। जो पिछली सरकार से बाखूबी जाना जा रहा है। वहीं जिले को आज भी विकास की दिशा में आगे ले जाने के लिए बेहद जरूरी माना जा रहा है। क्योंकि पन्ना जिला पड़ोसी जिलों से विकास की दिशा में आज भी पीछे माना जा रहा है। साथ ही जो विकास कार्य पिछले कार्यकाल में कराये गये इनको गति देने के लिए भी कहीं न कहीं पन्ना जिले से मंत्री मण्डल में स्थान दिये जाने से स्वमेव विकास की गति गतिशील दिशा को लेकर बनी रहेगी। वहीं जनता में भी उत्साह की दिशा तय होगी वरना मायूसी के हालात को नकारा नहीं जा सकता। जिस तरह से जिले की जनता ने भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा जाता है अब आम जनता को भी सत्तारूढ़ दल भाजपा से उम्मीदें है कि हमारे जिले की तीनों विधानसभाओं में से किसी न किसी विधायक को मंत्री पद से नवाजा जाये वहीं परफामेंस की बात करें तो शिवराज सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में खनिज एवं श्रम संसाधन विभाग की जिम्मेदारी बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने बखूबी निभाई। जिनकी लगन व निष्ठा तथा विकास की दिशा को लेकर अलग ही जानी जाती हैं जिले को विकास के साथ-साथ प्रदेश में भी कार्यप्रणाली स्वमेव पहचान के रूप में छाप छोड़ती है युवा व्यक्तित्व तथा भावी सोच विकास की मानी जाती है साथ ही पवई विधानसभा की बात करें तो प्रहलाद सिंह लोधी जिन्होंने पूर्व मंत्री मुकेश नायक को पराजित किया है। वहीं आम जनता से जुड़ा हुआ चेहरा है। साथ ही गुनौर विधानसभा की बात करें तो युवा चेहरा तेज तर्रार कार्यप्रणाली को लेकर डॉ. राजेश वर्मा जो जाने जाते है आखिर तीन में से किसी न किसी को मध्यप्रदेश की मोहन सरकार के मंत्री मण्डल में जगह को लेकर जिले की जनता को इंतजार है ताकि जिले के विकास की निरंतर दिशा प्रगति पथ पर जानी जाये।

### शासकीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति

## को लेकर जोर प्रभारी कलेक्टर संघप्रिय ने दी हिदायत

पन्ना।



आखिर क्या है वजह शासकीय विद्यालयों में कई छात्र-छात्रायें लम्बे अर्से से विद्यालय में अनुपस्थित रहने की वजह क्यों बनती है। या इसी के पीछे विद्यालय प्रबंधन के मुखिया यानि की एच.एम. या प्राचार्य कभी इस पर नजर नहीं डालते। जब प्रभारी कलेक्टर संघप्रिय ने शत-प्रतिशत शासकीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति न होने पर नाराजगी व्यक्त की वहीं प्रमुखता से ऐसे छात्र-छात्राओं पर फोकस करते हुए अभिभावकों से मिलकर हालात जानने के लिए निर्देशित किया वहीं शत-प्रतिशत उपस्थिति को लेकर चेतावनी दी।

शासकीय विद्यालयों में जब भी कोई छात्र या छात्रायें विद्यालय नहीं आते तो इसके पीछे क्या है वजह आखिर शासकीय विद्यालयों के एच.एम. या प्राचार्य क्या ऐसे बच्चों पर कभी गौर करने को लेकर गंभीर क्यों नहीं हुए। आखिर जब बच्चे दर्ज किये जाते है क्लास में नहीं आते यानि की विद्यालय ही नहीं आते वह भी लम्बे अर्से से हों। तो अभिभावकों से क्या विद्यालय के प्रबंधन के जिम्मेदारों ने कभी सम्पर्क किया। कुछ कह पाना कठिन हालात दर्ज संख्या पर पहले फोकस होता है वहीं विद्यालय में कितने छात्र या छात्रायें पढ़ने आते है इस पर गौर आखिर क्यों नहीं किया जाता। साथ ही जब लम्बे अर्से तक कोई भी छात्र या छात्रा विद्यालय ही नहीं आयेगें तो फिर इनकी शिक्षा का स्तर कैसे सुदृढ़ किया जायेगा जो अपने आप में बड़ा सवाल हैं वहीं वर्तमान समय में जिले का शिक्षा को लेकर स्वर्णिम समय माना जा रहा है। क्योंकि जिले के मुखिया यानि की कलेक्टर हरजिन्दर सिंह हो या कि प्रभारी कलेक्टर मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ जिला पंचायत संघप्रिय जो शिक्षा की गुणवत्ता व परीक्षा परिणामों में सफलता को लेकर स्वयं ही रूचि लेकर आगे या तो दिशा दे रहे है या विभाग को समय रहते सचेत कर रहे है। अब देखना यह है कि विभाग के जिम्मेदार छात्र-छात्राओं की भविष्य को लेकर कितने सजग होगें क्योंकि ऐसे छात्र-छात्राओं की पड़ताल अब कितनी तत्परता से की जायेगी। जो कभी विद्यालय ही नहीं आते। आखिर इसकी वजह क्या है इसके पीछे अभिभावकों से शासकीय विद्यालयों की जिम्मेदार एचएम या प्राचार्य सम्पर्क करते हुए हालात जानने के लिए अब जाने जा सकते है क्योंकि विगत दिवस जिले में बोर्ड परीक्षाओं में अच्छा परिणाम यानि की सफलता को लेकर जिले की पहचान शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश स्तर तक कायम हो सकें इसके लिए प्रभारी कलेक्टर संघप्रिय ने विभाग के जिम्मेदारों को यानि की प्राचार्यो की समीक्षा बैठक लेते हुए सीधे तौर पर हिदायत दी है। कि शासकीय विद्यालयो में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाये अब देखना यह है कि जिम्मेदार कितनी तत्परता से कर्तव्य निर्वाहन करेगें ताकि ऐसे छात्र व छात्रायें जिनका भविष्य रजिस्टर में नाम को लेकर संवारा जा रहा है। बल्कि ये विद्यालय ही नहीं आते ऐसे छात्र-छात्रायें आखिर कहां है किस हालात में कहीं इनके माता-पिता इनके शिक्षा को लेकर बेखबर जो बने हुए है इनकी मजबूरी क्या है। अब ये हालात भी जाने जायेगें। जिन्हें शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रभारी कलेक्टर की सोच के चलते अब शिक्षा के हालात तय हो सके। आखिर जो छात्र-छात्रायें रजिस्टर में दर्ज थे पर विद्यालय में नहीं आते थे इनकी पड़ताल शुरू हो जायेगी और इन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ते हुए उनके भविष्य को विगड़ने से बचाने के दिशा सायद तय हो सकेगी। यह तो आगे वक्त ही तय करेगा आखिर जिले में ऐसे छात्र-छात्राओं को लेकर प्रभारी कलेक्टर की सोच के चलते अब जो लोग मजबूर है शिक्षा से वंचित हो रहे है इन्हें खोज कर शिक्षा प्रदान की जायेगी। वहीं इनका नाम रजिस्टर में तो दर्ज है पर अक्सर अनुपस्थित रहना इनकी वजह जानी जायेगी। जिससे आगे इन्हें विद्यालय में उपस्थित होने के लिए दिशा तय की जायेगी। वहीं इन्हें शिक्षा प्रदान करने को लेकर सायद अब प्रयास कारगर साबित होगे। विगत दिवस समीक्षा बैठक में जहां जिला शिक्षा अधिकारी सूर्यभूषण मिश्रा तथा डाईट प्राचार्य रवि कुमार खरे वहीं डीपीसी अजय कुमार गुप्ता जो शिक्षा विभाग के प्रमुख दायित्वों को निर्वाहन को लेकर माने जाते है सभी प्राचार्यो के समक्ष कार्यप्रणाली को कार्ययोजना के रूप में लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने के लिए दिशा तय की गई है जिससे जिले में शिक्षा क्षेत्र में परिणाम ही स्वमेव जाने जायेगें जो सफलता का मुकाम साबित करेगे।

## खबर संक्षेप

### भगवान अरनाथ जी का जन्म कल्याणक आज

**कुंडलपुर।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर में जैन धर्म के 18वे तीर्थंकर भगवान श्री अरनाथ जी का जन्म कल्याणक महोत्सव 25 दिसंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रातः भक्तांमर महामंडल विधान ,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांति धारा ,पूजन ,विधान होगा ।इस अवसर पर श्री जी का पालना भी झुलाया जाएगा । सायंकाल भक्तांमर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महा आरती होगी।

### सागर संभाग के लिए एस एन मिश्रा को सौंपी जिम्मेदारी

**दमोह।** शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए मैदानी स्तर पर रिपोर्ट जुटाने की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा अपर मुख्य सचिव स्तर के अधिकारियों को संभागीय स्तर पर सौपी गई है। जिससे कि शासन की योजनाओं का आम जनमानस तक लाभ पहुंच सके। इसके लिए सागर संभाग के जिलों के लिए अपर मुख्य सचिव एसएन मिश्रा को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### 28 दिसंबर को होगा विशाल श्री खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन

**दमोह।** शहर में पहली बार विशाल श्री खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन होने जा रहा है। इस विशाल भजन संध्या में अपनी मधुर आवाज से लोगों को भारत के सुपर सिद्ध कलाकार भजन गायक प्रदीप चंदेल शर्मा सिस्टर, बेटू आलिया कानपुर, विक्की भारतीय राजस्थान, प्रतीक्षा परमार ललितपुर वाले आनंदित करेगें। इस दौरान आयोजकों ने बताया दमोह में पहली बार भारत की सबसे बड़े कलाकार भजन सम्राट वाले के द्वारा खाटू श्याम बाबा एक शाम खाटू वाले के नाम भव्य दरबार मैं छप्पन भोग अखंड ज्योति पुष्प वर्ष से भजन कर गुणगान किया जाएगा। इस भजन संध्या का आयोजन 28 दिसंबर दिन गुरुवार को नीलकमल गार्डन दमोह में किया जाएगा। सांय 7 बजे से भजन संध्या शुरू होकर प्रभु इच्छा तक चलेगी। इस दौरान श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति द्वारा बताया गया इस भजन संध्या के आयोजन का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के साथ युवाओं में भगवान की आस्था व भारतीय संस्कृति को अपने संस्कारों में लाना है। इसके साथ ही बाबा श्री खाटू श्याम के नाम की घर-घर अलख जगाना। इस धार्मिक आयोजन के द्वारा जिला दमोह की नवीन प्रतिभाओं को विशाल मंच प्रदान करना तथा नवीन प्रतिभाओं को सम्मानित करना। खाटू श्याम परिवार सेवा समिति द्वारा आप सभी जनता जनार्दन क्षेत्र वासियों धर्म प्रेमियों बंधु माता प्रेमियों से विनम्र निवेदन है कि आकर धर्म लाभ लेवे।

### इलाज के दौरान परिचालक की मौत, हेल्पर गंभीर रूप से घायल

# बस के पहिए चेक कर रहे परिचालक, हेल्पर को अज्ञात ट्रक ने मारी टक्कर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

अनुविभाग के गैसाबाद थाना क्षेत्र में दमोह-पन्ना मार्ग पर शनिवार की बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया जहां एक यात्री बस के परिचालक एवं हेल्पर बस की खराबी देखने बस को सड़क किनारे रोककर उतरे थे कि अचानक पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक परिचालक व हेल्पर को टक्कर मारते हुए निकल गया जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। गैसाबाद पुलिस को जानकारी मिलते ही घटनास्थल पहुंचकर दोनो गंभीर घायलों को सिविल अस्पताल हटा लाया गया जहां हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार उपरांत जिला अस्पताल रैफर किया गया जहां परिचालक ने जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया वहीं गंभीर घायल हेल्पर का उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार जबलपुर से ककरेटी जानें वाली नूरी ब्रदर्स की यात्री बस ग्राम बुढ़वार के पास अचानक चलती हुई बस में बेरिंग के खड़खडानें की आवाज सुनकर ड्राइवर ने बस को रोककर सड़क किनारे लगाया दिया एवं बस के परिचालक जितेन्द्र मिश्रा एवं हैल्पर रामकुमार सेन बस की खराबी देखने उतरकर बस के आगे के पहिए की तरफ जा ही रहे थे तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन द्वारा दोनो को टक्कर मार दी और तेजी से निकल गया जिससे दोनो लोग सड़क से करीब बीस फीट दूरी पर जा गिरे जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए जहां गैसाबाद पुलिस की मदद से दोनों घायलों को सिविल अस्पताल लाया गया जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया जिसमें बस के परिचालक जितेन्द्र मिश्रा पिता मुकुन्दी मिश्रा उम्र 37 बर्ष निवासी गैसाबाद की इलाज के दौरान मौत हो गई वही हेल्पर रामकुमार सेन निवासी परसोरिया सागर का उपचार जिला अस्पताल में जारी है। मृतक परिचालक का शव पंचनामा कार्यवाही कर मर्ग कायम कर जिला अस्पताल से पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंपा गया एवं पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

# कोहरे की चादर से ढंका रहा जिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



ठंड का असर बढ़ने के साथ ही आसमान ने रविवार को कोहरे की चादर ओढ़ ली। सुबह 9 बजे तक सड़क़ो पर कोहरे की मौजूदगी रही। वहीं मौसम विभाग की माने तो अभी कोहरा पडना शुरू हुआ है जो कुछ दिन तक रहेगा। रविवार को रात का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री दर्ज किया गया तो वहीं अधिकतम तापमान 25 डिग्री दर्ज किया गया। दोपहर में शहर में धूप निकलने से ठंड कम हो गई।

बनवार अंचल में दोपहर में हल्की सी धूप निकली थी, लेकिन करीब एक घंटे बाद ही गायब हो गई। दिन भर लोग ठिठुरते रहे। रविवार सुबह कोहरे में लिपटी हुई निकली। शाम तक कोहरे का प्रभाव बना रहा। शाम अचानक ठंड और बढ़ गई। शाम होते ही लोग घरों में दुबक गए। रात होते भयंकर कोहरा पड़ना शुरू हुआ। दिन में हल्की धूप निकली लेकिन ठंड का असर पहले जैसा ही रहा। ठंड बढ़ाने में वातावरण में मौजूद ठंड बढ़ने में सर्द हवाओं का भी भरपूर योगदान रहा। दोपहर में भी लोग घरों से गरम कपड़े पहन कर और मफलर, टोपी लगाकर निकले वही दृश्यता कम से सड़को पर जहां वाहन रेंगते दिखे। वही लाइट जलाकर वाहन चलाना पड़े कोहरे के चलते ठंड का प्रकोप बढ़ गया और तापमान में भारी गिरावट देखी गई है।

## क्षेत्रीय विधायक ने जल सप्लाई व्यवस्था चालू कराई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

नगर परिषद में विगत 15-20 दिनों से पेयजल की समस्या को लेकर आम जनता पानी के लिए परेशान हो रही थी। लेकिन नगर परिषद द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा था जिस पर विगत दिनों क्षेत्रीय विधायक ने अनुविभागीय कार्यालय में बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे। तो वही विधायक लखन पटेल ने रविवार को सीएमओं ज्योति सुनेरे को कहा मोटर पाइप लाइन खरीद कर नदी में डलवाई और पानी की समस्या का निराकरण करवाया। जिससे कि अब हर 2-3 दिन में नगर में पानी की सप्लाई हो पायेगी। जिससे समस्या का निराकरण हो जाएगा। वही विधायक द्वारा नगर की जनता से अपील कि है सभी अपने अपने नलों में टोटी लगवाए ताकि पानी व्यर्थ ना बहे।

# बीच शिक्षा सत्र में पद से पृथक किए गए अतिथि शिक्षकों ने कलेक्टर संभागीय आयुक्त डीईओ से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

लोक शिक्षण संचालनालय की ओर से स्पष्ट आदेश है कि बीच सत्र में अतिथि शिक्षकों की सेवाएं समाप्त नहीं होगी यदि शिक्षकों को प्रमोशन के बाद नवीन पदस्थापना की प्रक्रिया की स्थिति में भी अतिथि शिक्षक का समायोजन किया जायेगा। बता दे मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव से पूर्व अतिथि शिक्षकों की पंचायत में तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की थी कि किसी भी अतिथि शिक्षक को बीच शिक्षा सत्र में हटाया नहीं जाएगा। लेकिन मुख्य मंत्री बनते ही पूर्व मुख्य मंत्री की घोषणा को अनदेखा करते हुए बीच शिक्षा सत्र में अतिथि शिक्षको को मौखिक आदेश पर हटाए जाने का मामला दमोह जिले की जनपद जबेरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनवार से सामने आया है जिसकी शिकायत अतिथि शिक्षकों के द्वारा कलेक्टर संभागीय आयुक्त डीईओ की गई है। जिसमे लेख किया गया है शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनवार की प्राचार्य द्वारा 14 दिसंबर 2023 को बिना कोई पूर्व सूचना के बीच शिक्षा सत्र में पद से पृथक करने की कार्रवाई की गई है। अतिथि शिक्षक मुकेश विश्वकर्मा मनीष मिश्रा कमलेश अहिरवार नरेश झारिया अजय बाजपेई हीरालाल सेन ज्योतिषना तिवारी का आरोप है। प्रभारी प्राचार्य के द्वारा एसएमडीसी की बैठक किए बिना सदस्यों के घर जाकर हस्ताक्षर करवाकर पद से पृथक करने हेतु प्रस्ताव ला कर शिक्षकों की उपस्थिति पंजी में टीप डाली गई है। और वरिष्ठ कार्यालय का हवाला देकर अतिथि शिक्षकों को उपस्थित पंजीयन में हस्ताक्षर करने से माना किया गया है। जबकि सभी अतिथि शिक्षक पोर्टल में उपलब्ध सीटों के आधार पर ही विगत शिक्षा सत्र वर्ष 2019-20 से वर्तमान शिक्षा सत्र वर्ष 2023, 24 तक निरंतर कर्तव्य निष्ठ होकर नियमित उपस्थिति के साथ विद्यालय के सभी कार्यों पठन पाठन एवं अन्य गतिविधियों को संपन्न कराने में तत्परता एवं उत्तरदायित्व के साथ सहयोग किया गया एवं कार्यों को किया गया। बावजूद वरिष्ठ कार्यालय का हवाला देकर सभी अतिथि शिक्षकों को पद से पृथक किया गया है। जबकि वर्तमान में हम सभी अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति आवश्यकता अनुसार एवं नियमानुसार की गई थी। अतिथि शिक्षकों द्वारा दिए गए आवेदन में बीच शिक्षा क्षेत्र में पद से पृथक करने की कार्यवाही से बेरोजगार हुए अतिथि शिक्षकों के सामने परिवार के पालन पोषण का संकट खड़ा हो गया। अतिथि शिक्षक मानसिक कष्ट से जूझ रहे है।

## क्रिसमस और तुलसी दिवस मनाया



**दमोह।** टाईम्स पब्लिक स्कूल में क्रिसमस और तुलसी दिवस उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। शाला के प्रधानाचार्य अजय मिश्रा और मुख्य अतिथि प्रवीन पाल और जार्ज माईकल सर के द्वारा कार्यक्रम का शुभांरभ सरस्वती पूजन के साथ किया गया। विद्यालय के छात्रों ने नाटक के माध्यम से प्रभु ईशु मसीह के जन्म को दिखाया। इसके बाद नन्हे - मुन्ने बच्चों ने रंगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि प्रवीण पॉल ने प्रभु ईशु के त्याग व आदर्श पर प्रकाश डाला। जॉर्ज माइकल के द्वारा छात्रों को संबोधित करते हुए कहा गया कि हमे उनके जीवन एवं त्याग से प्रेरणा लेनी चाहिए। शाला के प्रधानाचार्य श्री अजय मिश्रा ने तुलसी पौधे और मानव जीवन में उसकी उपयोगिता के बारे मे बताया। तुलसी के जन्म एवं आध्यात्मिकता के महत्व से छात्रों को अवगत कराया और छात्रों ने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला के समस्त शिक्षकों का सहयोग रहा।

# 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की निकली भव्य कलश यात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में चार दिवसीय विराट संस्कार महोत्सव एवं 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का रविवार को विशाल कलश यात्रा के साथ आगाज हुआ। गायत्री परिवार के सानिध्य में करीब 1000 हजार से अधिक माताओं व बहनों ने गायत्री मंदिर से कलश यात्रा की शुरुआत की गई। कलश यात्रा में बैंडबाजे के साथ वाहनों पर धार्मिक झांकियां एवं एवं इसके बाद महिलाएं सिर पर कलश लिए हुए चल रहे थे नगर में पहली बार भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में नारे लग रहे थे कि हम बदलेंगे युग बदलेगा। जाग गई भाई जाग गई नारी शक्ति जाग गई। भारत माता की जय , कलश यात्रा नगर की प्रमुख मार्गो से होकर बस स्टैंड, तारादेही तिराहे से, पंचवटी मंदिर से होते हुए वार्ड क्रमांक 10 एवं 9 होते हुए यज्ञ स्थल आचार्य विद्यासागर दयोदय पशु सेवा केंद्र के प्रांगण में पहुंची जहां कार्यक्रम का समापन किया गया।

# अटल जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनायेगी भाजपा

### सुशासन दिवस पर भाजपा करेगी विविध कार्यक्रम



दमोह । भारतीय जनता पार्टी प्रत्येक वर्ष अनुसार भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप में मनाएगी,आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रमों जिला प्रभारी सतानंद गौतम और जिला अध्यक्ष एड प्रीतम सिंह के निर्देशन में जिले के सभी कार्यकर्ता जिला के सभी बूथों पर अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ-साथ श्रद्धेय अटल जी के अदभुत व्यक्तिव एवं कृतित्व पर चर्चा करेंगे। जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार और सह प्रभारी महेन्द्र जैन ने जानकारी में बताया कि श्रद्धेय अटल जी की जन्म जयंती पर भाजपा युवा मोर्चा जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर सुबह 11 बजे आयोजित करेंगी। साथ ही प्रत्येक बूथ पर रचनात्मक कार्यक्रमों कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया जाएगा,पार्टी द्वारा दिये गये बूथ स्तर के 6 कार्यक्रमों में से अटल जी की जयंती 'सुशासन दिवस' का कार्यक्रम एक है। इस अवसर पर नमो एप पर विकसित भारत ब्रांड एंबेसडर बनने का अभियान चल रहा है जिसमें हम स्वयं भी एंबेसडर बने एवं अधिक से अधिक लोगों को विकसित भारत का एंबेसडर बनने के लिए प्रेरित करेंगे। देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार गरीबों एवं किसानों के कल्याण के प्रति समर्पित है। प्रत्येक बूथ पर लाभार्थियों के बीच में सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों एवं सुशासन की चर्चा भी की जायेगी। प्रत्येक जिले में केन्द्र सरकार एवं भाजपा शासित राज्य सरकारों की योजनाओं एवं उपलब्धियों तथा गरीब कल्याण से संबंधित सुशासन पर व्याख्यान माला का आयोजन किया जाएगा।

## दो पक्षों में आपसी विवाद, युवक गंभीर



**हिंडोरिया।** जिले के हिंडोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर हिंडोरिया में आज करीब 11 बजे बकरियों के घर में घुसने को लेकर दो पक्षों में आपसी विवाद हो गया। जानकारी के अनुसार हिंडोरिया निवासी होशियार चक्रवर्ती के घर के समीप से प्रतिदिन प्रमल रजक, उमेश रजक अपनी बकरियां चराने के लिए ले जाते थे तथा होशियार चक्रवर्ती के घर में बकरियां घर में घूस जाती थी जिससे होशियार चक्रवर्ती ने रोका की हमारे घर में बकरियां घुसकर नुकसान करती हैं जिसको लेकर विवाद हो गया विवाद इतना बड़ गया कि गाली गलौज के साथ मारपीट कर दी चरवाहे प्रमल रजक ने पकड़ा और उमेश रजक ने हांथ में लिए कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिससे होशियार चक्रवर्ती के बड़े भाई भरत चक्रवर्ती को सिर में चोट आ गई। कुल्हाड़ी के हमले से लहूलुहान भरत चक्रवर्ती ने हिंडोरिया थाना जाकर प्राथमिक दर्ज कराई तथा हिंडोरिया अस्पताल में पदस्थ डॉ.अंगीरस साहू ने मूलयाजा किया तथा हिंडोरिया पुलिस ने धारा 294, 323, 324, 506, 34 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# स्व.जीपी चौबे स्मृति संभागीय व्हालीबाल प्रतियोगिता शुरू

### पुरुष टीमों के अलावा महिला टीमों के मध्य होगा मुकाबला





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्व.जी पी चौबे स्मृति संभागीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ बगिया के मैदान में हो चुका है । टूर्नामेंट में पुरुषों की आज 18 एवं महिलाओं की 06 में भाग ले रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच जेएनपीए सागर एवं बक्सवाहा के मध्य खेला गया। जिसमें सागर की टीम बिजयी रही। उद्घाटन मैच में नपा अध्यक्ष ठा. हेमेन्द्र सिंह, केबीनेट दर्जा प्राप्त मंत्री राहुल सिंह, हिंडोरिया थाना टीआई महेंद्र सिंह जगेत कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। विशिष्ट के तौर पर वालीबाल संघ के जिला सचिव अनिल गोदरेज, उपाध्यक्ष भागवल पटेल, कोषाध्यक्ष बलराम मिश्रा , वरिष्ठ खिलाडी.सुंदरलाल , नेशनल रेफरी शैलेंद्र सोनी मौजूद रहे । इसके अलावा पहले दिन इतवार को 18 टीमों के मध्य लीग मैच खेले गए ! मैच मे कामेंट्री सुजात खान एवं दिलीप जोशी द्वारा की गई। स्कोरिंग बृजेश राजपूत एवं चतुर्भुज चौरसिया द्वारा की गई।आज सोमवार को सभी क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल , फाइनल के अलावा चार महिला टीमों के मध्य भी ये मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता संयोजक सुधांशु चौबे ने बताया कि टूर्नामेंट में सागर संभाग की अनेक नामी गिरामी टीमें भाग ले रही है। आज आखरी दिन सभी टीमों एवं खिलाड़ियों को अतिथियों के कर कमलों से नगद राशि एवं आर्कषक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा । श्री चौबे एवं फ्रेन्ड क्लब ने सभी खेल प्रेमियों से बड़ी संख्या में उपस्थिति की अपील की है।